# उत्तराखंड में मतगणना को लेकर तैयारी पूरी, त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी वोटों की गिनती

**मतगणना**

**▶▶मतगणना के लिए उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर 91 काउंटिंग हॉल बनाए गए हैं**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। मतदाताओं को भी बेसब्री से ईवीएम खुलने का इंतजार है। हालांकि यह तो मतगणना के बाद पता चलेगा कि किसके हाथ बाजी लगी और किसे मायूसी मिली।
मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। इसके लिए उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर 91 काउंटिंग हॉल बनाए गए हैं। ईवीएम के मतों की गणना के लिए 884 टेबल लगाई गई हैं जबकि डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 218 टेबल लगाई गई है। ईवीएम और डाक मतों की गणना एक साथ होगी। इसके लिए अलग-अलग कक्षों में व्यवस्था की गई है। मतगणना को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स और सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहेंगे।मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि मतगणना स्थल की त्रिस्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा राज्य की 70 विधानसभाओं की काउंटिंग के लिए 91 काउंटिंग हाल बनाए गए हैं। इसमें 884 टेबल लगाई गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की कोशिश है कि दोपहर एक से दो बजे तक परिणाम घोषित कर दिए जाएं। वहीं देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में टिहरी लोकसभा सीट की काउंटिंग की जाएगी।
जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने कहा है कि चार जून को मतगणना से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि मतगणना के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैले। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं।

# देवाल विकासखंड के पलवरा गांव में पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान

**हाहाकार**

**▶▶ग्रामीण दो किलोमीटर दूर प्राकृतिक पेय जल स्त्रोतों से अपने घर तक पानी ढोने को मजबूर हैं।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकासखंड के पलवरा गांव में एक माह से नलों से पानी नहीं आने से हाहाकार मचा है। ग्रामीण दो किलोमीटर दूर प्राकृतिक पेय जल स्त्रोतों से अपने घर तक पानी ढोने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र पानी मुहैया कराने की मांग जल संस्थान से की है।
ग्राम प्रधान लीला राम और पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रविन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव की सीमा के चोरपानी नामक स्थान से पलवरा के लिए 70 लाख रुपये की लागत से पांच किलोमीटर पेयजल योजना बनी है। कुछ माह योजना से पानी आया है। अब इस योजना से पलवरा गांव के बुस्तुरा, देवीबैड, सरपशील, पूराडाकुडा, बीठाड, छानाधार, कालमेवा, तोको के 105 परिवार के घरों में लगे नलों में पानी नहीं आ रहा है। कई बार इस संबंध में जल संस्थान को शिकायत की गई है लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई अमल में नहीं लायी जा रही है। जबकि पेयजल लाइन के स्त्रोत में भरपूर पानी है और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के तरस रहे हैं।
गांव की तारा देवी, रेशमा देवी, कल्पना देवी, यशोदा देवी, पिंकी देवी, कविता देवी, महिपाल राम, विनोद कुमार आदि ने कहा कि लम्बे समय से नल से पानी नहीं आ रहा है। पानी नहीं आने से गांव के ग्रामीण प्राकृतिक स्त्रोत से पानी ढो रहे रहे हैं।
जल संस्थान कर्णप्रयाग के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैंने पेयजल लाइन की जांच करने के लिए जेई को आदेश दिया है। ग्रामीणों को शीघ्र पानी मुहैया करवाया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### एनसीसी कैडेट्स का धुलाई एवं पॉलिश भत्ता हुआ चार गुना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
स्कूलों एवं कॉलेजों में एनसीसी विंग में शामिल हजारों कैडेट्स को अब पहले से ज्यादा धुलाई और पॉलिश भत्ता दिया जायेगा। राज्य सरकार ने एनसीसी कैडेटों को अनुमन्य धुलाई एवं पॉलिश भत्ते की दरों में वृद्धि की मंजूरी दे दी है। अब कैडेट्स को वर्दी की धुलाई व बूट पॉलिश के लिये 41 रुपये दिये जायेंगे, जबकि पहले यह दर 10 रुपये थी। प्रदेशभर के एनसीसी कैडेट्स को शीघ्र ही पुनरीक्षित भत्ते का लाभ दिया जायेगा, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।
उच्च एवं विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेशभर के स्कूलों और कॉलेजों में एनसीसी कैडेट्स की समस्याओं पर राज्य सरकार ने गौर करते हुए उनके धुलाई और पॉलिश भत्ते में इजाफ कर दिया है। सरकार ने कैडेट्स की वर्दी धुलाई व बूट पॉलिश के लिये अनुमन्य दरों को पुनरीक्षित कर वर्तमान दर रुपये 10 में वृद्धि कर 41 रुपये की मंजूरी दे दी है। एनसीसी कैडेट्स को धुलाई व पॉलिश भत्ता के तौर पर अब 41 रुपये दिया जायेगा जो डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजा जायेगा। इस संबंध में शीघ्र ही शासन स्तर से शासनादेश जारी कर दिया जायेगा।
शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में एनसीसी सीनियर डिविजन कैडेट्स को एक वर्ष में छह माह जबकि जूनियर डिविजन के कैडेट्स को एक वर्ष में आठ माह के लिए धुलाई एवं पॉलिश भत्ता दिया जायेगा। धुलाई और पॉलिश भत्ते के तौर पर अबतक कैडेट्स को न्यूनतम राशि दी जा रही थी जो कि काफी कम थी।
शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि सरकार का फोकस राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में एनसीसी की नई इकाईयों का गठन करना है ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक छात्रों को एनसीसी में शामिल होने का अवसर मिल सके। इस संबंध में कई दौर की उच्च स्तरीय वार्ता हो चुकी है और शीघ्र ही विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में एनसीसी की इकाईयां गठित की जायेगी।

### मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, तैयारियों को परखा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सामान्य ऑब्जर्वर लोचन सेहरा, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर धीराज सिंह गर्ब्याल ने सोमवार को यहां केन्द्रीय विद्यालय पहुंचकर मतगणना को लेकर चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बैरिकेडिंग, टेन्ट, पेयजल, खानपान, विद्युत, इंटरनेट, पार्किंग आदि सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द करने के निर्देश दिए।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना केन्द्र में केवल तैनात किये गये एजेन्ट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे। दोनों की एंट्री अलग-अलग मार्ग से कराने के लिए बैरिकेडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतगणना सीसीटीवी की निगरानी में होगी। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जा रही हैं। मतगणना स्थल पर पार्किंग, पेयजल व चिकित्सा की व्यवस्था भी की जा रही है।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रातः 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होगी तथा उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि जो एजेन्ट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जायेंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे। अनावश्यक इधर-उधर कतई नहीं जायेंगे।
उन्होंने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर प्रथम लेयर के तौर पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं तथा आईटीबीपी के जवान तैनात हैं। दूसरी लेयर में पीएसी के जवान तैनात हैं तथा तीसरे लेयर में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है।
निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, एआरओ एवं उप जिलाधिकारी मनीष सिंह, युक्ता मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# शांतिकुंज ने अग्निकांड पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी जिला के मोरी तहसील के सालरा गांव में कुछ दिन पूर्व हुए भीषण अग्निकांड से अनेक घर जलकर भस्म हो गये थे। पीड़ित परिवार अपने जीवनयापन को लेकर काफी परेशान हैं। ऐसे में शांतिकुंज की आपदा प्रबंधन टीम ने 22 अग्निकांड पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की है।
पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने कहा कि हमारी संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है। हमारे गुरुवर ने जो सेवा का सूत्र दिया है, उसे शांतिकुंज नियमित रूप से करता आ रहा है। युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने पीड़ितों की सेवा को पुण्यदायी कार्य कहा है। उन्होंने बताया कि शांतिकुंज की आपदा प्रबंधन टीम ने 22 अग्निकांड पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। राहत सामग्री में कंबल, तिरपाल, महिलाओं-पुरुषों एवं बच्चों के कपड़े तथा कच्चा राशन, बर्तन किट आदि शामिल था। साथ ही सभी पीड़ित परिवारों को भोजन के पैकेट भी दिये गये।
शांतिकुंज की राहत टीम में मंगलसिंह गढ़वाल, कृष्णा अमृते, पुन्नूलाल, नरेन्द्र गिरि आदि शामिल रहे।

# बदरीनाथ विस उपचुनाव को लेकर भाजपा हुई सक्रिय

**बैठक**

**▶▶भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी की मौजूदगी में कार्यकताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी में सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी की मौजूदगी में कार्यकताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।
बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मैखुरी ने कहा कि भाजपा में व्यक्ति विशेष का कोई महत्व नहीं है बल्कि पार्टी जिस पर विश्वास जताते हुए टिकट दे उसके साथ सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर उसकी जीत के लिए कार्य करना होता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं को यह ध्यान रखना होगा कि सभी एकजुटता के साथ कार्य करें और पार्टी के उम्मीदवार को जीत तक पहुंचाने में अपना योगदान दें।
बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र राणा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ललित मिश्रा, सहप्रभारी विजय कपरूवाण, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत, डॉ. मातबर रावत, भरत चौधरी, बीरेंद्र पाल भंडारी, युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता मयंक पंत, प्रकाश रावत, आनंद सिंह राणा, रंजना रावत, पुष्पा चौधरी आदि मौजूद थे।
बदरीनाथ विधानसभा से विधायक राजेंद्र भंडारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसके बाद यह सीट खाली हो गई थी। इस सीट पर जल्द ही उपचुनाव होने हैं।

# मतगणना तो औपचारिकता मात्र, 400 पार करेगी भाजपा : संजय गुप्ता

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने सोमवार को विश्वास जताते हुए कहा कि लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा। देश में विकास की गंगा बहेगी और हर वर्ग खुशहाल होगा। सोमवार को जारी बयान में संजय गुप्ता ने कहा कि देश की जनता नरेन्द्र मोदी को अपना नेता मान चुकी है और उन्हें अपना आशीर्वाद देती जा रही है। इस बार



भी जनता का आशीर्वाद नरेन्द्र मोदी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मतगणना तो महज औपचारिकता भर है, भाजपा 400 पार का आंकड़ा छूएगी।
उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से पूर्व ही विपक्ष का ईवीएम को लेकर विलाप शुरू हो चुका है। यह विपक्ष भी भलीभांति जान चुका है कि उसकी इस बार भी चुनावों में करारी शिकस्त होनी है, इसलिए अपनी सामने दिख रही हार के कारण वह ईवीएम पर अभी से सवाल उठाने लगा है। विपक्ष की यह हताशा और निराशा ही है कि वह तमाम मीडिया सर्वे को भी नकार रहा है। गुप्ता ने कहा कि भाजपा के चार सौ पार के आंकड़े में उत्तराखण्ड की सभी पांचों सीटें भी भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी।

# गोवर्धन पीठ के स्वामी अधोक्षजानंद ने भगवान बदरीविशाल के किए दर्शन

**बदरीनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन पीठ के स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज सोमवार सुबह बदरीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर जगत कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ खाक चौक (बदरीनाथ धाम) के संस्थापक बालक योगेश्वर दास महाराज, साधु-संत और भक्त मंडली भी भगवान बदरीविशाल के दर्शन को पहुंची। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा।

# केदारनाथधाम यात्रा : फिटनेस जरूरी, पैदल मार्ग पर धीरे चलें



**रुद्रप्रयाग /टीम एक्शन इंडिया**
केदारनाथ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं में 65% से अधिक यात्री पैदल आवाजाही करते हैं। कई यात्री 16 किमी पैदल मार्ग पर तेज-तेज कदमों के चलने के साथ ही कम कपड़े भी पहनते हैं, जिससे शरीर जल्द थकता है। रामबाड़ा से आगे बढ़ते ही ऑक्सीजन कम होने लगती है, जिसके बाद अधिकांश यात्रियों को सिरदर्द होता है।
केदारनाथ की यात्रा में उम्र चाहे जो हो शारीरिक फिटनेस जरूरी है। 16 किमी पैदल मार्ग पर खड़ी चढ़ाई और पल-पल बदलते मौसम में तापमान में होते उतार-चढ़ाव स्वास्थ्य पर भारी पड़ता है, जिसमें हल्की चूक जीवन पर भारी पड़ जाती है।
यात्रा में इस वर्ष 23 दिन में 34 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है, जिसमें अधिकांश की मौत का कारण बेचैनी, सांस लेने में दिक्कत व हार्ट अटैक रहा है।
विशेषज्ञों के अनुसार, केदारनाथ यात्रा में उम्र मायने नहीं रखते, बल्कि शारीरिक फिटनेस बहुत जरूरी है। केदारनाथ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं में 65% से अधिक यात्री पैदल आवाजाही करते हैं। कई यात्री 16 किमी पैदल मार्ग पर तेज-तेज कदमों के चलने के साथ ही कम कपड़े भी पहनते हैं, जिससे शरीर जल्द थकता है। रामबाड़ा से आगे बढ़ते ही ऑक्सीजन कम होने लगती है, जिसके बाद अधिकांश यात्रियों को सिरदर्द होता है।
पैदल दूरी तय करते समय नींबू पानी, ओआरएस का नियमित उपयोग करने के साथ ही धीरे-धीरे कदमों के साथ निरंतर बढ़ना चाहिए। साथ ही शरीर के तापमान को वहां के मौसम के हिसाब से बनाए रखने के लिए जून में भी हल्के गर्म कपड़े जरूरी हैं। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. संजय तिवारी बताते हैं कि सोनप्रयाग और गौरीकुंड की तुलना में केदारनाथ के मौसम अलग है।

# पुलिस ने गौ मांस बेचने के आरोपित को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बहादराबाद थाना पुलिस ने गौ मांस बेचने व रखने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से 35 किलो गौ मांस बरामद किया है।
जानकारी के मुताबिक बहादराबाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम मरगुबपुर में ढाबे में गौ मांस बेचने व रखने की सूचना मिली। सूचना पर उप निरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपित ने भागने का प्रयास



किया, किन्तु पुलिस ने घेरकर उसे पकड़ लिया।
पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम ईनाम उम्र 52 वर्ष पुत्र महमूद निवासी ग्राम मरगुबपुर बताया। पुलिस ने ढाबे में रखे फ्रीज को खोलकर देखा तो फ्रीज में लगभग 35 किलो गौ मांस रखा मिला। आरोपित ने मांस को गुलशेर पुत्र जाबिर व मुंतजीर पुत्र नादर निवासीगण मरगुबपुर से खरीदने की बात बतायी। आरोपित ने बताया कि उक्त दोनों समय-समय पर गोकशी कर गौ मांस उसे देते हैं। जिसे वह ढाबे से बेचता है।
पुलिस ने पशु चिकित्साधिकारी को मौके पर बुलाया, जिन्होंने बरामद मांस की गौ मांस के रूप मे पहचान की। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अन्य दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी है।

# केदारनाथ धाम में बढ़ी भक्तों की भीड़ तो 12 बजे ही लगाया जा रहा भोग

**रुद्रप्रयाग /टीम एक्शन इंडिया**
कोरोनाकाल के बाद यह पहला मौका है, जब बाबा केदार के बाल भोग का समय बदला गया है। धाम में भीड़ को देखते हुए बीकेटीसी ने अधिकाधिक भक्तों के दर्शन को लेकर भगवान केदारनाथ के बाल भोग और श्रृंगार दर्शन के समय में परिवर्तन किया गया है।
केदारनाथ में भीड़ प्रबंधन के साथ अधिकाधिक श्रद्धालु दर्शन कर सके। इसके लिए बीकेटीसी ने बाल भोग और श्रृंगार दर्शन के समय में परिवर्तन किया है। अब धाम में बाबा केदार को बाल भोग दोपहर 12 बजे लगाया जा रहा है और एक बजे से भक्तों को श्रृंगार दर्शन कराए जा रहे हैं।
अन्य दिनों में बाबा को दोपहर दो



बजे बाद बाल भोग लगाया जाता था और उसके बाद पांच बजे से श्रृंगार दर्शन कराए जाते थे। कोरोनाकाल के बाद यह पहला मौका है, जब बाबा केदार के बाल भोग का समय बदला गया है।
धाम में भीड़ को देखते हुए बीकेटीसी ने अधिकाधिक भक्तों के दर्शन को लेकर भगवान केदारनाथ के बाल भोग और श्रृंगार दर्शन के समय में परिवर्तन किया गया है।
बीते एक जून से धाम में दोपहर 12 बजे बाबा केदार को बाल भोग लगाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर के कपाट बंद किए जा रहे हैं। गर्भगृह की साफ-सफाई और अन्य धार्मिक परंपराओं के निर्वहन करते हुए एक घंटे बाद कपाट खोले जा रहे हैं और दोपहर बाद एक बजे से भक्तों को बाबा केदार के श्रृंगार दर्शन मंदिर के सभामंडप से हो रहे हैं। इस नई व्यवस्था से जहां धाम में अधिकाधिक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं, वहीं भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिल रही है। शाम 7 बजे सांयकालीन आरती के बाद भी रात 10.30 बजे से भक्त श्रृंगार दर्शन कर रहे हैं। इसके बाद रात 11 से सुबह 5 बजे तक भगवान केदारनाथ की विशेष पूजाएं की जा रही है। इसके बाद सुबह पांच से दोपहर 12 बजे तक भक्तों को धर्म दर्शन कराया जा रहा है।

**अब तक 6.27 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**

देहरादून। चारधाम यात्रा में अब तक केदारनाथ धाम में 6.27 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 10 मई से शुरू हुई यात्रा के शुरूआती 10 दिनों में केदारनाथधाम में प्रतिदिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 40 हजार तक पहुंच गई थी। अब प्रतिदिन लगभग 20 हजार तीर्थयात्री दर्शन कर रहे हैं। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण की संख्या 36.44 लाख पहुंच गई है। इनमें 11.81 लाख पंजीकरण अकेले केदारनाथ यात्रा के लिए हुए हैं। पिछले साल केदारनाथ धाम में पूरी यात्रा काल में 19.61 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे।
बाबा केदार के अधिकाधिक भक्त दर्शन कर सके इसके लिए बाल भोग और श्रृंगार दर्शन के समय में परिवर्तन किया गया है। अब दोपहर 12 बजे बाल भोग लगाया जा रहा है और एक घंटे मंदिर को बंद रखने के बाद दोपहर एक बजे से श्रृंगार दर्शन कराए जा रहे हैं। -

# बेटा ही निकला घर में चोरी का आरोपित

**सामान बरामद**

**▶▶ पुलिस ने आरोपित बेटे के पास से चोरी किया सामान भी बरामद कर लिया है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर में चोरी के एक मामले में घर के मुखिया का बेटा ही चोरी का आरोपित निकला है। पुलिस ने आरोपित बेटे के पास से चोरी किया सामान भी बरामद कर लिया है।
लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुण्डाखेड़ा कलां निवासी गुलजार पुत्र जमीर ने दो जून को कोतवाली में तहरीर देकर अपने घर से मोबाइल फोन, इन्वर्टर बैटरी, इंडक्शन चूल्हा आदि सामान चोरी कर दिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। पुलिस ने जांच करते हुए पीड़ित के बेटे आसिफ को ही चोरी के सामान के साथ जैतपुर तिराहे से गिरफ्तार किया है।

# चारधाम यात्रा : ऑफलाइन पंजीकरण अब दो हजार प्रतिदिन हो सकेंगे

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाना हमारा उद्देश्य है

**समीक्षा की**

**मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की**




**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाना हमारा उद्देश्य है। इस व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की संख्या को 1500 से बढ़ाकर 2000 प्रतिदिन करने का निर्देश दिए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने हरिद्वार व ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण की संख्या को 1500 से बढ़ाकर 2000 प्रतिदिन किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल की कमी को दूर करने के लिये प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जल संचय एवं जल संवर्द्धन के प्रति संजीदगी के साथ योजना बनाने पर ध्यान दिया जाए।

इसे जन आंदोलन के रूप में संचालित करने के लिये आम जनता को इससे जोड़ने के प्रयास किये जाएं। इसके लिये मुख्यमंत्री ने जल संचय, जल संवर्द्धन और भू-जल स्तर में सुधार के लिये बनायी जाने वाली कार्ययोजना के लिये सचिव शैलेश बगोली और विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये हैं।

# चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र पहुंचे मुख्यमंत्री, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र की गतिविधियों को परखने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने यहां ऋषिकुल ग्राउंड में बने चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यात्रियों से बातचीत की। साथ ही यात्रियों को हो रही समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया।

**निरीक्षण**

**मुख्यमंत्री ने यात्रियों से बातचीत की। यात्रियों को हो रही समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया।**

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री लाइन में लगे। श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे। उनसे पंजीकरण को लेकर आ रही समस्याओं के संबंध में बातचीत की। साथ ही मौके पर ही अधिकारियों को श्रद्धालुओं की समस्याओं के जल्द ही निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पंजीकरण केंद्र पर पीने के पानी की और अधिक व्यवस्था की जाएगी।

## पानी के लिए जवाहर नगर के लोगों ने किया प्रदर्शन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
भीषण गर्मी में शहर के विभिन्न हिस्सों में पेयजल की समस्या दूर होने का नाम नहीं ले रही है। लंबे समय से पेयजल का संकट झेल रहे जवाहर नगर के क्षेत्रवासियों का धैर्य सोमवार को जवाब दे गया। आक्रोशित क्षेत्रवासी सुबह निवर्तमान पार्षद महेश चंद्र के नेतृत्व में जल संस्थान कार्यालय जा धमके और जोरदार प्रदर्शन किया।
यहां अधिशासी अभियंता के नहीं मिलने पर लोगों का गुस्सा और अधिक भड़क गया। लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# ऑपरेशन स्माइल चेहरों पर बिखेर रहा मुस्कान, लापता बालक को मिलाया

**ऑपरेशन स्माइल**

**पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के तहत बालक को उसके पिता व चाचा के सुपुर्द कर दिया।**




**देहरादून**
ऑपरेशन स्माइल मायूस चेहरों पर मुस्कान बिखेर रहा है। उत्तर प्रदेश के बरेली का एक बालक ट्रेन से देहरादून पहुंच गया। वह घर से नाराज होकर निकला था। ऑपरेशन स्माइल के तहत दून पुलिस ने सोमवार को बच्चे को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया।
गत दो जून को गश्त के दौरान परेड ग्राउंड के पास पुलिस को एक बालक लावारिश हालत में इधर-उधर परेशान घूमता हुआ मिला। पूछने पर बालक ने स्वंय को उत्तर प्रदेश के बरेली का निवासी बताया और कहा कि वह घर से नाराज होकर बरेली से ट्रेन में बैठकर देहरादून आ गया है। बालक को सुरक्षा के दृष्टिगत थाना डालनवाला स्थित बाल मित्र पुलिस थाने पर लाया गया।
बालक के पिता को सूचित किया गया तो उन्होंने बताया कि उनका पुत्र गत एक जून की रात नौ बजे किसी बात से नाराज होकर बिना बताए घर से कहीं चला गया था, जिसकी काफी खोजबीन कर रहे थे लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा है। सूचना मिलने पर बरेली जनपद के किला थानांतर्गत किला छावनी निवासी बालक के पिता व चाचा थाना डालनवाला आए।
पिता को देख बालक लिपटकर रोने लगा और पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के तहत बालक को उसके पिता व चाचा के सुपुर्द कर दिया। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने दून पुलिस को धन्यवाद दिया।
गत एक मई से 30 जून तक उत्तराखंड पुलिस की पहल पर प्रदेश स्तर पर ऑपरेशन स्माइल अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पथरी थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में दो समुदायों के बीच हुए झगड़े में तलवार के वार से एक युवक की हत्या करने के दो आरोपितों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त तलवार भी बरामद कर ली है।
जानकारी के मुताबिक एक जून की रात्रि को पथरी थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में एक मेले के दौरान दो गुटों के बीच झगड़ा हो गया था। इस दौरान रविन्द्र उर्फ अमन निवासी नसीरपुर खुर्द उर्फ चानचक पर तलवार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने इस मामले में मृतक के भाई जसविंदर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को रानी माजरा तिराहे से घटना में शामिल दो आरोपितों सरबजीत उर्फ गोलू पुत्र धर्म सिंह उर्फ बोन्दू, गुरमेल पुत्र जयपाल निवासीगण शाहपुर, हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया।
इस कारण मार था अमन को
आरोपितों ने बताया कि अमन के बुआ के लड़के का नाम मोहित है, जो सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहता है। आरोपित गुरमेल द्वारा व्हाट्सएप के किसी ग्रुप में, किसी कंटेंट पर तीखा कमेंट किया गया, जिसको पढ़कर मोहित को गुस्सा आ गया और उसने भी पलटकर जवाब दिया कि इस प्रकार से मत लिखा करो इससे तो हमारा खून खौल जाता है। यह बात गुरमेल को बहुत बुरी लगी। उसके बाद सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर इनकी बहसबाजी चलती रही। इसी बीच 1 जून को गुरुद्वारा के पास पथरी शाहपुर का मेला लगा था, जिसमें मोहित आया था। यह जानकारी जब गुरमेल को मिली तो उसने फोन करके मोहित को आकर मिलने की बात कही। आरोपितों ने अमन को बड़े झूले के पास बुला लिया, जहां गुरमेल और सरबजीत ने मोहित के साथ मारपीट की। मोहित ने अमन को फोन करके बुलाया। जब मोहित और अमन दोबारा पहुंचे तब सरबजीत और गुरमेल दोनों गुस्से में आ गए और मारपीट के बीच अमन पर तलवार से वार कर दिया। जिस कारण अमन की मौत हो गई।

### स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए शानदार आय की घोषणा की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर की लीडिंग कंपनी स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपनी आय की घोषणा की है। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 1069.67 लाख रुपये था, जिसमें सालाना 200.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एबिटा 273.94 प्रतिशत उछल गया और 218 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही) से 817 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) पहुंचा। शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 57.39 प्रतिशत बढ़ा और 159.99 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही) से 251.81 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) हुआ। 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने ऑपरेशनल रेवेन्यू में 142.72 प्रतिशत की वृद्धि देखी, जो 1128.77 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23) से 2739.76 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) बढ़ रही है। एबिटा सालाना आधार पर 146.50 प्रतिशत बढ़ गया और 938.17 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23), से 2312.63 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) हुआ। शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 380.69 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई और यह 222.81 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23) से 1071.02 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24) पहुंचा।
इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसने हायर एजुकेशन चाहने वाले व्यक्तियों को एजुकेशनल लोन देने के लिए एक लीडिंग फिनटेक कंपनी के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य छात्रों के लिए शिक्षा को अधिक आसान और किफायती बनाना है, जिससे उन्हें अपने एकेडमिक गोल्स को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जा सके। इस स्ट्रेटिजिक पार्टनरशिप के द्वारा, स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड छात्रों की जरूरतों के अनुसार कॉम्पिटेटिव लोन ऑप्शन देने के लिए फिनटेक कंपनी के इनोवेटिव प्लेटफॉर्म और स्टूडेंट फाइनेंसिंग में विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। इस लोन में ट्यूशन फीस, रहने का खर्च और अन्य शैक्षिक लागतें शामिल होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वित्तीय बाधाएं छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में बाधा न बनें। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में एक लीडिंग प्लेयर है। यह कंपनी प्रत्येक ग्राहक की विलक्षणता को अपनाते हुए, कंपनी लगातार पर्सनलाइज्ड, प्रोफेशनल सर्विसेज देने का प्रयास करती है।

## समर कैंप के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप के दूसरे दिन सोमवार को छात्रों को कराटे का प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। साथ ही हिंदी सुलेख, क्राफ्ट, गीत, संगीत, नृत्य एवं खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
दूसरे दिन शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी गजेंद्र उनियाल, विशिष्ट अतिथि स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षक रामकृष्ण पोखरियाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बड़ोनी ने किया।
समाजसेवी उनियाल ने छात्रों को संदेश दिया कि छात्र संस्कारवान होने के साथ-साथ अच्छे नागरिक भी बनें तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रामकृष्ण पोखरियाल ने छात्रों को संदेश दिया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानना है। छात्र का सर्वांगीण विकास करते हुए उसके अंदर रचनात्मक प्रवृत्तियां का विकास करना है। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार की तालियां बजाना सिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को संदेश दिया कि समर कैंप के आयोजन का उद्देश्य छात्रों के अंदर नेतृत्व क्षमता, कौशल विकास, रचनात्मकता, सामूहिक क्षमता का विकास करना है।
छात्र के अंदर जो प्रतिभा है, उसे अवसर देकर उसका विकास करना है।

**बरामद**

**दिल्ली के द्वारका उपनगर के थाना छाबला से एक युवती बीते दिनों अचानक लापता हो गई थी।**

### एमेजॉन इंडिया का मशीन लर्निंग समर स्कूल का चौथा संस्करण जल्द ही शुरू

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एमेजॉन इंडिया ने मशीन लर्निंग (एमएल) समर स्कूल के चौथे संस्करण की रजिस्ट्रेशन तिथियों की घोषणा की। इस गहन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एमेजॉन के वैज्ञानिकों द्वारा मशीन लर्निंग के मुख्य कौशल और टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे मशीन लर्निंग में अपना करियर बनाने के लिए तैयार हो सकें। इस प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन 31 मई से 21 जून, 2024 तक चलेंगे। फ्री एजुकेशनल कोर्स जुलाई में 4 वीकेंड तक चलाया जाएगा, जिसमें आठ मॉड्यूल्स में विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग के मुख्य बिंदुओं की गहरी समझ और कौशल प्रदान किए जाएँगे।

## मतगणना को लेकर भाजपा ने की बैठक

**बैठक**

**सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि चार जून को सभी कार्यकर्ता समय से पूर्व मतगणना स्थल पर पहुंचे।**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की अध्यक्षता में टिहरी लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय रूहेला एवं लोकसभा सह संयोजक सीताराम भट्ट की उपस्थिति में महानगर पदाधिकारी समेत मोर्चा के अध्यक्ष-महामंत्री की बैठक हुई।
बैठक में महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि चार जून को सभी कार्यकर्ता समय से पूर्व मतगणना स्थल पर पहुंचे। सभी मोर्चा के पदाधिकारी महानगर कार्यालय पर उपस्थित रहेंगे। कुल मिलाकर भाजपा कार्यकताओं की मतगणना पर कड़ी निगरानी रहेगी। बैठक में महानगर उपाध्यक्ष संध्या थापा, बबीता सहोत्रा, संतोष समेमवाल, महामंत्री सुरेंद्र राणा, विजेंद्र थपलियाल, महानगर मंत्री सुनील शर्मा आदि थे।

## दिल्ली से लापता हुई युवती लोहाघाट में मिली

**बरामद**

**दिल्ली के द्वारका उपनगर के थाना छाबला से एक युवती बीते दिनों अचानक लापता हो गई थी।**



**लोहाघाट (चम्पावत)/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट पुलिस ने दिल्ली से लापता एक युवती को यहां वीर कालू सिंह चौराहे से बरामद किया है। लोहाघाट पुलिस ने युवती को दिल्ली पुलिस के सुपर्द कर दिया है। दिल्ली के द्वारका उपनगर के थाना छाबला से एक युवती बीते दिनों अचानक लापता हो गई थी। इस पर युवती के पिता ने थाना छाबला में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस ने जांच में युवती की लोकेशन लोहाघाट क्षेत्र में पाई। लोकेशन मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने लोहाघाट पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद लोहाघाट एसएचओ अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने युवती की खोज शुरू की। रविवार शाम को युवती को पुलिस ने वीर कालू सिंह चौराहे के पास से घूमते हुए बरामद किया। एसएचओ ने कहा कि युवती की सकुशल बरामदगी की सूचना पर दिल्ली पुलिस युवती के परिजनों के साथ लोहाघाट पहुंची। सोमवार को युवती को दिल्ली पुलिस के माध्यम से उसके परिजनों के सुपर्द कर दिया गया है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने जनसमस्याओं का लिया संज्ञान

**निर्देश**

**विधानसभा अध्यक्ष को मालन पुल की मरम्मत का कार्य धीमी गति से करने की शिकायत मिली थी।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग से संबंधित जनसमस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।
दरअसल, विधानसभा अध्यक्ष को मालन पुल की मरम्मत का कार्य धीमी गति से करने की शिकायत मिली थी। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार स्थित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर तत्काल निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। हाल में आए तूफान के कारण कोटद्वार की बिजली गुल होने और तूफान से हुए नुकसान को लेकर उत्पन्न हुई समस्याओं के निवारण के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने दुगड्डा स्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता पत्र लिखकर समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए।
इसके अलावा झंडीचौड़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लेबर रूम का उपयोग न होने की समस्या का संज्ञान लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने पौड़ी के मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र के माध्यम से झंडीचौड़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समुचित संसाधन उपलब्ध कराकर तत्काल प्रभाव से चालू करने के सख्त निर्देश दिए।

### एग्जिट पोल को उत्तराखंड कांग्रेस ने बताया फर्जी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने मतगणना से पहले दिखाए जा रहे एग्जिट पोल को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि एक सर्वे दिखा रहा है कि हिमाचल में छह से आठ सीटें बन रही हैं जबकि सीट चार है। हरियाणा में 10 सीटें हैं और 16 से 19 सीटें दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार मतगणना स्थल पर 17सी फार्म का मिलान रेंडम स्तर पर ईवीएम मशीन से करवाने की मांग की जाएगी।

### पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वेदिक इंटरनेशनल प्रमोटर समिति एवं सदस्यों द्वारा काफल फन कैंप पर पीपल आम अमरूद नीम के पौधे रोपे गए यह कार्यक्रम हम सभी को प्रेरित करता है कि जिस प्रकार जंगल कट रहे हैं और आबादी बढ़ती जा रही है कहीं ऐसा ना हो की बाजारों में ऑक्सीजन भी ऊंचे दामों पर मिलने लगे तो लिए इस मुहिम में साथ चले और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वृक्षारोपण से प्रदूषण भी कम होता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन अधिक सुरक्षित होता है। पौधे कई तरह से पर्यावरण को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं।

# साइकिल चलाने को बढ़ावा देने चाहिए : ग्रीनमैन विजयपाल



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व साइकिल दिवस पर सोमवार को ट्री ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं ग्रीन मैन ऑफ इंडिया कहे जाने वाले विजयपाल बघेल ने कहा कि साइकिल चलाने से इम्यूनिटी पॉवर बढ़ने के साथ स्वास्थ्य की रक्षा होती है और साथ ही कॉर्बन फुटप्रिंट शून्य होने के कारण पर्यावरण भी शुद्ध होता है। ऐसे में साइकिल के प्रयोग को हम सभी के द्वारा बढ़ावा देना चाहिए।
विजयपाल बघेल ने बयान में आगे कहा कि भयंकर गर्मी ने जीना मुश्किल कर दिया है। हरिद्वार में चारों तरफ यातायात जाम लगा है। वाहनों के साइलेंसर आग के साथ जहर उगल रहे हैं। साथ ही घरों में लगने वाले एसी असहनीय तपस बढ़ा रहे हैं। ईको फ्रेंडली वाहन साइकिल के प्रति जबतक लगाव नहीं बढ़ेगा तबतक ये समस्या नियंत्रित नहीं होगी।
उन्होंने कहा कि विकसित देशों में साइकिल का चलन दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। हमें भी अपनी सेहत और पर्यावरण की रक्षा के प्रति सजग होना होगा।

